पंजाब केसरी 17/10/2024

जी.एम.एन. कॉलेज में वर्कशॉप सम्पन्न

जी.एम.एन. कॉलेज में आयोजित वर्कशॉप के समापन समारोह में शामिल प्राध्यापक एवं विद्यार्थी। (देवदत्त)

अम्बाला, 16 अक्तूबर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज में कॉरपोरेट रिसोर्स सैंटर द्वारा कॉलेज के कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग एवं मैनेजमैंट विभाग के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय वर्कशॉप 'प्रयोगशाला सीजन-1' के तीसरे सत्र का बुधवार को समापन हो गया।

समापन समारोह के दौरान कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को इस प्रकार की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रो. जस्मिता ने मंच संचालन किया, जबकि रिसोर्स पर्सन डा. कमलप्रीत कौर ने बी.ए. तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को विषय संबधी जानकारी दी। एम.बी.ए. विभाग की विभागाध्यक्ष एवं सी.आर.सी. यूनिट की चेयरपर्सन डा. भारती सुजान ने तीन दिवसीय वर्कशॉप में सहयोग देने के लिए सभी का धन्यवाद किया।

मैनेजमैंट विभाग की विभागाध्यक्ष डा. भारती विज, कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. श्याम रहेजा एवं डीन डा. प्रवलीन कौर ने सभी विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि भविष्य में भी इस प्रकार की करियर संबंधी वर्कशॉप आयोजित की जाएंगी जो उन्हें कॉलेज की पढ़ाई खत्म होने के बाद अच्छी जगह नौकरी प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होंगी। वर्कशॉप के तीसरे एवं आखिरी दिन लगभग 100 विद्यार्थी लाभान्वित हुए।

समापन सत्र में सी.आर.सी. यूनिट के सदस्य प्रो. शिवानी निझावन, डा. अंशु चौधरी, डा. नियति, प्रो. रितिका, प्रो. प्रियंका, प्रो. कविश और प्रो. योगिता विशेष रूप से उपस्थित रहे।